प्रेस नोटः-　　　　　　　　　　जनपद – रामपुर　　　　　　　　　　दिनांक- 28.08.2023

FB- Rampur Police　　　　　　　　　　　　　　　　　　　Twitter- @rampurpolice

दिनांक 28.08.2023 की भोर में वीर सिंह सैनी पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम इण्ड्री थाना भोट जिला रामपुर ने लिखित तहरीर देते हुए सूचना दी कि उनका पुत्र रवि सैनी ग्राम इण्ड्री से कावंड जत्थे के साथ हरिद्वार से साथ जल लेने गया था जो कि आज सुबह करीब 04.00 बजे जब भमरव्वा मंदिर थाना क्षेत्र सिविल लाईन्स में जल चढ़ाने से पूर्व परिक्रमा कर रहा था तभी मंदिर में लगी लोहे के बेरिकेडिंग में आये करेन्ट की चपेट में आ गया जिसको तत्काल मंदिर डियूटी में लगे पुलिस कर्मियों द्वारा जिला अस्पताल पहुँचायां गया जहाँ पर उसकी मृत्यु हो गयी। उनके द्वारा इस सम्बन्ध में भमरव्वा मंदिर कमेटी व बिजली की देखभाल करने वाले लोगों के विरूद्ध दी गयी तहरीर के आधार पर तत्काल मु0अ0सं0 287/2023 धारा 304ए भा.दं.वि. पंजीकृत किया गया। घटना की सूचना मिलतें ही मौके पर अपर पुलिस अधीक्षकरामपुर , क्षेत्राधिकारी नगर रामपुर व अन्य थानों का फोर्स पहुँच गया था जिन्होंने तत्काल आक्रोशित हो रहें सभी लोगों को समझा बुझा कर शांत किया जिससे भमरव्वा मंदिर में चल रहें जलाभिषेक में कोई विघ्न नहीं पड़ा । इस सम्बन्ध में तत्काल जिला प्रशासन द्वारा अधिशाषी अभियंता बिजली विभाग व उनकी टीम को भमरौव्वा मंदिर पर भेज कर जांच पड़ताल करायी गयीं तो मंदिर में किसी भी बेरिकेटिंग की जाली में करंट का होना नहीं पाया गया। मृतक रवि सैनी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी उसकी मौत बिजली के करंट से होने की पुष्टि नहीं हुई, तथा मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने के कारण विसरा प्रिजर्व किया गया हैं व उसके शरीर में कोई भी बाह्य चोट के निशान नहीं पाये गये हैं। इससे स्पष्ट है कि मृतक रवि सैनी की मृत्यु करंट लगने से नहीं हुई हैं फिर भी भमरव्वा मंदिर कमेटी द्वारा सहानुभूति पूर्वक मृतक रवि सैनी के परिजनों को 02 लाख रूपये की तत्कालिक सहायता तथा 04 लाख रूपये का चेक दिया हैं। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा उसको आवासीय पट्टा व मछली पालन हेतु तालाब भी उपलब्ध कराने की प्रक्रियां आरम्भ कर दी गयीं है। मौके पर कानून व्यवस्था की स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में हैं एवं श्रद्धालुओं द्वारा निर्बाध रूप से भमरव्वा मंदिर में जलाभिषेक किया जा रहा हैं। पोस्टमार्टम के पश्चात मृतक रवि सैनी का शव सकुशल ग्राम इण्ड्री थाना भोट रामपुर परिजनो द्वारा ले जाया गया हैं जहाँ पर उसके दाह संस्कार की प्रक्रियां शान्तिपूर्वक चल रहीं हैं।-----------------